तापमान
अधिकतम 34.6 डिग्री
न्यूनतम 22.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 31 जुलाई, 2025

12 जनता का विनाश करने पर तुली सरकार : जैन



12 नवनिर्वाचित मंत्रिमंडल के साथ पदाधिकारी सम्मानित



## खबर संक्षेप

### एलपीजी गैस सिलेंडर फटा, चार झुलसे

**इसराना।** पानीपत के गांव अलुपुर निवासी रवि के घर में चाय बनाते समय एलपीजी सिलेंडर से गैस लीक हो गई और यह आग पकड गई, पल भर में आग मकान में आग फैल गई। आग बढने के कारण सिलेंडर फट या। वहीं धमाका इतना जबरदस्त था कि मकान की छत उड़ गई और आसपास के कई घरों की दीवारों में दरारें आ गईं। जबकि आग की चपेट में आने से रवि, इसकी पत्नी व तीन बच्चें रवि, उसकी पत्नी और तीन बच्चे रोहित, अरमान व परी झुलस गए। आस पडोसियों ने चारों को बचाया और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जबकि आग को दमकल कर्मियों ने काबू किया। इधर, आग में घर में रखा सारा सामान, नकदी और जेवर जलकर राख हो गए।

### ट्रक-कार की टक्कर में एसआई की मौत

**अंबाला।** सड़क दुर्घटना में पुलिस उप निरीक्षक बलविंदर सिंह की मौत हो गई। हादसा सुबह शहजादपुर के नजदीक हुआ। ट्रक और कार की टक्कर के बाद उपनिरीक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मृतक की पत्नी मनिंदर कौर ने बताया कि वो जग्गी कॉलोनी में रहते है। उसके पति रायपुर रानी थाने में उप निरीक्षक के तौर पर तैनात थे। वह सुबह के समय कार में सवार होकर ड्यूटी पर निकले थे, लेकिन कुछ देर बाद हादसे की खबर आई। जब अस्पताल पहुंचे तो जानकारी मिली कि उनकी मौत हो चुकी है।

### 11 साल के बाद दुकान पर मिला दुकानदार को कब्जा

**अंबाला।** 11 साल की लंबी लड़ाई के बाद अदालत के आदेश पर दुकान को कब्जा मिल गया। अंबाला छावनी के राम चंद्र सपरा ने बताया कि निकलसन रोड पर उन्होंने अपनी दुकान किराए पर दी थी लेकिन किराएदार ने इस पर कब्जा कर लिया। दुकान के मालिकाना हक के लिए वर्ष 2014 में कोर्ट में केस डाला गया। इसके बाद 29 अगस्त 2022 को मामला निचली कोर्ट में चला गया। फिर 13 सितंबर 2024 को सेशन कोर्ट में और फिर 25 अप्रैल 2025 को हाईकोर्ट ने मालिकाना हक के आदेश जारी किए। हाईकोर्ट ने 31 जुलाई तक दुकान खाली करने के आदेश जारी किए थे। अब दुकानदार को दुकान की चाबी उन्हें मिल गई है।

### 20 ग्राम हेरोइन के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** नारकोटक सेल की टीम में तैनात पीएसआई आशीष ने बताया कि वह देर शाम पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान सूचना मिली थी कि तेजली पावर हाउस के पास एक युवक बाइक पर सवार होकर नशीला पदार्थ बेचने के लिए जा रहा था। टीम ने तेजली पावर हाउस के पास पहुंचकर नाका लगाकर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद टीम को बाइक पर एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने जब आरोपी को रोककर उसके तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान दीपक उर्फ वीरू के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### पानीपत के नशा तस्कर को 10 साल का कारावास

**पानीपत।** एडिशनल असिस्टेंट सेशन जज फास्ट ट्रैक कोर्ट (एनडीपीएस) योगेश चौधरी ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी वासीद उर्फ बासीद पुत्र बशीर निवासी गांव राणा माजरा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं, जज चौधरी की अदालत ने वासीद पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी किया। जुर्माना नहीं देने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

## युवक से मारपीट करने वाले सात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

# एलबम के पैसे मांगने पर फोटोग्राफर से मारपीट, तंग आकर आत्महत्या की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

डुलियानी गांव में एक फोटोग्राफर द्वारा शादी की एलबम के पैसे मांगने पर गांव के ही एक परिवार ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान उसके कपड़े फाड़ दिए, चप्पलें मारी और फिर जान से मारने व झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

- झूठे केस में फंसाने की धमकी से डर गया था युवक

इससे तंग आकर फोटोग्राफर ने जहरीला पदार्थ निगलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले में पुलिस ने युवक से मारपीट करने वाले सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी। गांव की रहने वाली प्रवेश कुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके बेटे प्रवीण के साथ गांव के ही कुछ लोगों ने पहले बेरहमी से मारपीट की और फिर जान से मारने व झूठे केस में फंसाने की धमकियां दी जिससे तंग आकर उसके बेटे ने जहरीली दवाई निगल ली। शिकायत के अनुसार प्रवीण गांव में फोटोग्राफी का कार्य करता है। उसने मनदीप उर्फ छोटू की शादी की वीडियो और एलबम तैयार की थी।

प्रवीण द्वारा मेहनताना मांगने पर मनदीप व उसके परिवार के लोग रंजिश रखने लगे। 28 जुलाई की शाम करीब 6.30 बजे प्रवीण जब गांव में सामान लेने निकला तो मनदीप उर्फ छोटू,संदीप , जीराम , बंता राम संदीप की पत्नी, मनदीप की पत्नी और सुलोचना ने मिलकर लोहे की रॉड और डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। महिलाओं ने उसके कपड़े तक फाड़ दिए और चप्पलों से मारा। साथ ही झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित परिवार ने बताया कि इसी दिन रात को लगभग 8 बजे आरोपी दोबारा अन्य लोगों के साथ हथियार लेकर उनके घर पहुंचे। गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकियां दी।

शिकायत के अनुसार घटना से आहत होकर रात को प्रवीण ने जहरीली दवाई निगल ली। करीब 9:15 बजे उसकी तबीयत खराब होने लगी तो वह उल्टियां करने लगा । परिजनों के पूछने पर उसने बताया कि आरोपियों ने उसे गांव वालो के सामने मारा-पीटा मेरे कपड़े फाडे वा उनकी औरतों ने सबके सामने उसे जूते-चप्पल मारे व उसकी बेइज्जती की। उसे झूठे केस में फंसाने वा जान से मारने की धमकियां दी। इसी वजह से इन लोगो से तंग आकर उसने जहरीली दवाई खा ली , जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसके बाद उसे तुरंत एमएम अस्पताल मुलाना में भर्ती कराया गया। यहां देर रात उसकी मौत हो गई ।



**मुलाना।** पुलिस थाने के बाहर डटे फोटोग्राफर के परिजन।

### मां ने मांगा इंसाफ

मृतक युवक की मां प्रवेश कुमारी ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्हें इंसाफ दिलाया जाए। पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्जकर कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही है।

# 32 वर्षीय युवक से करवाई 13 वर्षीय किशोरी की शादी

- किशोरी के माता-पिता और आरोपी युवक समेत आधा दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के बुडिया थाना क्षेत्र में 32 वर्षीय युवक से 13 वर्षीय किशोरी की शादी करवाने का मामला सामने आया है। बाल विवाह निषेध विभाग की टीम ने किशोरी का रेस्क्यू कर उसे वन स्टाप सेंटर भिजवाया गया। पुलिस ने विभाग की अधिकारी की शिकायत पर किशोरी के माता-पिता, आरोपी युवक समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बाल विवाह निषेध अधिकारी अरविंद्रजीत कौर ने बुडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे 20 जुलाई को फोन के माध्यम से सूचना मिली थी बूडिया क्षेत्र में एक 32 वर्षीय युवक की 13 वर्षीय किशोरी के साथ शादी करवाई गई है। शादी के बाद लड़की को घर पर रखा गया है। सूचना मिलते ही विभाग की टीम ने मौके पर जाकर जांच की तो पता चला कि 13 वर्षीय किशोरी साढौरा क्षेत्र की रहने वाली है। जिस युवक से उसकी शादी करवाई गई है उसका नाम कर्ण उर्फ कनु है। जो कि मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जिला शामली के थाना भवन का रहने वाला है। वह छह वर्ष से अपने माता-पिता के साथ बूडिया में रह रहा था। दोनों परिवारों के बीच शादी को लेकर बातचीत हुई और शादी तय हो गई। 20 जुलाई को उनकी शादी करवा दी गई। टीम ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### वन स्टाप सेंटर भेजी

पुलिस ने किशोरी के माता-पिता को उसके आयु का प्रमाण पत्र दिखाने को कहा। जो प्रमाण पत्र पुलिस को दिखाया गया, उसमें किशोरी की आयु 13 वर्ष निकली। बाद में पुलिस ने बाल विवाह निषेध विभाग की टीम के साथ किशोरी का रेस्क्यू कर उसे वन स्टाप सेंटर भिजवा दिया। पुलिस ने अधिकारी की शिकायत पर आरोपी युवक कर्ण उर्फ कनु, राजेश, पवन पंडित, रवि, कल्पना देवी व फूलवती के खिलाफ चाइल्ड मैरिज एक्ट के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# एचटेट पीजीटी परीक्षा शांतिपूर्ण हुई आज लेवल-1 व लेवल-2 एग्जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की लेवल-3 (पीजीटी) परीक्षा बुधवार को जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि कुल 4255 अभ्यर्थियों में से 3742 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 513 अनुपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को लेवल-2 (टीजीटी) और लेवल-1 की परीक्षाएं होंगी। लेवल-2 की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक 22 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी जिसमें 6729 अभ्यर्थी शामिल होंगे। उसी दिन दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक लेवल-1 की परीक्षा होगी, जिसके लिए 9 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और 2562 अभ्यर्थी शामिल होंगे। डीसी ने कहा कि अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार का डिजिटल उपकरण लेकर न आएं। सभी की जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी बिना आई-कार्ड के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।



## बाइक चोरी के झगड़े में की गई अजैब की हत्या, हत्यारोपी काबू

**कुरुक्षेत्र।** जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने हत्या करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में थाना झांसा पुलिस टीम ने हत्या करने के आरोप में दिलबाग सिंह वासी शांतिनगर कुरडी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना झांसा प्रभारी उप निरीक्षक गुलाब सिंह ने बताया कि आरोपी दिलबाग सिंह व मृतक अजैब सिंह का मोटरसाइकिल चोरी को लेकर झगड़ा हुआ था। आरोपी दिलबाग ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी का काम करता है। 26 जुलाई को वह काम के लिए मोटरसाइकिल पर गांव गोगपुर गया हुआ था। उसने अपनी मोटरसाइकिल एसवाईएल नहर के पास खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसको उसकी मोटरसाइकिल वहां नही मिली। उसको पता चला कि मृतक अजैब सिंह ने एसवाईएल नहर के पास से उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली थी। जिस बारे उसने मृतक अजैब सिंह से बदला लेने बारे सोचा। 26 जुलाई की शाम को उसको अजैब सिंह शराब के नशे में मिला और उसने उसके ऊपर लोहे की पाईप से हमला कर दिया।

# एटीएम कार्ड बदलकर युवक के खाते से निकाले 25 हजार रुपये

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

रादौर रोड कैंप क्षेत्र में अज्ञात व्यक्ति ने जम्मू कॉलोनी निवासी भवानी सिंह का एटीएम कार्ड बदलकर उसके अकाउंट से 25 हजार रुपये निकाल लिए। जब उसके मोबाइल पर पैसे निकलने का मैसेज आया तो उसे इस बारे पता चला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जम्मू कॉलोनी निवासी भवानी सिंह ने गांधी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 26 जुलाई को उसे पैसों की जरूरत थी। वह सुबह साढ़े 11 बजे रादौर रोड कैंप स्थित पंजाब कॉम्पलेक्स स्थित एटीएम बूथ से पैसे निकलवाने के लिए चला गया। जब वह पैसे निकालने लगा तो उसके एटीएम से पैसे नहीं निकले। इस दौरान वहां पर पहले से एक व्यक्ति मौजूद था। आरोपी ने उसकी सहायता करने के बहाने से एटीएम बदल लिया।

एटीएम से पैसे न निकलने पर वह घर आ गया। इस दौरान उसके मोबाइल पर उसके अकाउंट से 25 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। जिसे देखकर वह हैरान रह गया। जब उसने अपना एटीएम कार्ड चैक किया तो वह बदला हुआ था। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# ग्रामीण विकास संस्थान को शोध व प्रशिक्षण में नई दिशा मिलेगी : डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान अब विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रशिक्षण को नई गति देने के साथ-साथ शोध एवं अध्ययन पर भी विशेष जोर देगा। नवनियुक्त निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यह जानकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में शिष्टाचार भेंट के बाद दी।

डॉ. चौहान ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग एवं विकास एवं पंचायत विभाग के अंतर्गत चलने वाला यह शिखर प्रशिक्षण संस्थान केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न विभागों और विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर नए कार्यक्रम प्रारंभ करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सूत्र वाक्य 'ग्रामोदय से भारतोदय' संस्थान का आदर्श वाक्य बनेगा। निदेशक ने कार्यभार संभालने के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में संकाय सदस्यों और शाखा प्रमुखों से संस्थान के कार्यों को नए तेवर और कलेवर देने के लिए सुझाव मांगे। बैठक में संस्थान के कार्य विभाजन, सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जल्द ही कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित कर नए पदों की स्वीकृति और रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।



# दूध डेयरी पर सीएम फ्लाइंग की रेड, 7 सैंपल भरे

- छापेमारी के दौरान बायलर भी बिना परमिशन चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के दुर्गा नगर स्थित गुरू नानक डेयरी पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने रेड की। टीम ने मौके पर डेयरी में तैयार हो रहे उत्पादों के 7 सैंपल लिए। उन्हें जांच के लिए लैब भेजा गया है।

सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर राजेश ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए की गई है, ताकि लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके। छापेमारी के दौरान बिजली विभाग, फूड सेफ्टी विभाग और पॉल्यूशन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। सैंपल की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रेड में एक बात और सामने आई है। प्रदूषण विभाग के एसडीओ गौरव शर्मा ने बताया कि डेयरी में बॉयलर लगा हुआ था। जिसके लिए डेयरी संचालक के पास कोई भी परमिशन नहीं मिली है। अब इसको विभाग की टीम द्वारा सील कर दिया है। साथ ही डेयरी संचालक को इस मामले में नोटिस दिया जाएगा। नोटिस के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ गौरव ने बताया कि मदन डेयरी अंबाला शहर में बिना परमिशन के बॉयलर चल रहा था। जिसकी कई बार शिकायत भी मिली थी। छापे के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी भी शामिल थे।

बिजली विभाग के अधिकारियों को तय से अधिक लोड चलता हुआ मिला है। इसका फ़ोटो विभाग के अधिकारियों द्वारा लिया गया है। आगे इसके लिए भी कार्रवाई की जाएगी। डेयरी संचालक को भी इसके लिए नोटिस जारी किया जाएगा। बिजली विभाग के एसडीओ अमन ने बताया कि सेंशन से अधिक लोड मिला है।



**अंबाला।** दूध डेयरी में सैंपलिंग की कार्रवाई करती जांच टीम।

## कैमला गांव में डाई हाउस फैक्ट्री पर सीएम फ्लाइंग की छापेमारी

# पूर्व सरपंच की फैक्ट्री से 27 क्लोरिन गैस सिलेंडर जब्त

- इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट जर्जर होने से भूजल प्रदूषण का खतरा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल

करनाल के कैमला गांव में पूर्व सरपंच सुनील कुमार की डाई हाउस फैक्टरी पर बुधवार सुबह सीएम फ्लाइंग टीम ने छापा मारा। टीम ने फैक्टरी से 27 क्लोरिन गैस सिलेंडर बरामद किए।

अधिकारियों के अनुसार इनका उपयोग बिना केंद्र सरकार की अनुमति के किया जा रहा था। फैक्टरी रिहायशी क्षेत्र के बिल्कुल समीप स्थित है और इसका ईटीपी (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) भी लंबे समय से बंद पड़ा मिला। टीम को शक है कि फैक्टरी से निकलने वाला कैमिकल युक्त पानी सीधे भूजल में मिल रहा है, जिससे प्रदूषण का गंभीर खतरा है। फैक्टरी के निरीक्षण में सामने आया कि यह रिहायशी कॉलोनी, खासकर बीपीएल कॉलोनी के बेहद करीब है, जबकि नियमों के अनुसार ऐसी इकाइयां कम से कम डेढ़-दो किलोमीटर दूर होनी चाहिए। ईटीपी प्लांट पर जंग लगी हुई थी और वह वर्षों से बंद पड़ा था। लाखों लीटर पानी का रोजाना उपयोग हो रहा था, लेकिन पानी के स्रोत व ट्रीटमेंट की कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं मिली। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने मौके पर खुले टैंकों से पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे। अधिकारियों के अनुसार टैंक खुले थे और उनमें कैमिकल व सॉलिड वेस्ट एक साथ पाए गए। पूर्व सरपंच व फैक्टरी मालिक सुनील कुमार ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि उनके पास फैक्टरी के सभी जरूरी लाइसेंस मौजूद हैं। क्लोरिन गैस उपयोग की अनुमति भी केंद्र से प्राप्त है। ईटीपी प्लांट को लेकर उन्होंने दावा किया कि यह केवल बारिश के कारण पिछले दो महीनों से बंद पड़ा है और फैक्टरी में पानी टैंकरों से मंगवाया जा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी विभम नायक ने बताया कि यह फैक्टरी 'रेड कैटेगरी' में आती है, यानी इसे प्रदूषण नियंत्रण के कड़े मानकों के तहत संचालित किया जाना चाहिए। लेकिन यहां न तो ईटीपी चालू मिला, न ही किसी प्रकार की लॉक बुक या रिकॉर्ड मेंटेन किया जा रहा था। जांच में यह भी पाया गया कि पानी का फ्लो लगातार टैंकों में हो रहा था, जो सीधे जमीन में जाकर भूजल को प्रभावित कर सकता है।



**करनाल।** डाई हाउस फैक्टरी पर कार्रवाई करती जांच टीम।

### मजदूरों के दस्तावेज खंगाले

डीएसपी सुशील कुमार ने बताया कि फैक्टरी में काम कर रहे मजदूरों का भी कोई पुख्ता रिकॉर्ड नहीं मिला। टीम ने मजदूरों के आधार कार्ड एकत्र किए हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं इनमें बांग्लादेशी नागरिक तो शामिल नहीं हैं। अधिकारियों ने कहा कि सभी रिपोर्ट आने के बाद फैक्टरी को सील किया जाएगा और मालिक सुनील कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी। फैक्टरी द्वारा प्रदूषण नियंत्रण और औद्योगिक नियमों के उल्लंघन पर प्रशासन सख्त रुख अपना रहा है।

# दो युवकों ने स्कूल जा रही छात्रा के साथ की छेड़छाड़

- जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए युवक
- पुलिस ने दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही छात्रा के साथ अश्लील हरकतें की। छात्रा के विरोध करने पर आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आरोपी युवक छात्रा को काफी दिन से पीछा कर परेशान कर रहे थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपी युवकों के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

शहर की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका 17 वर्षीय लड़की शहर के पुरानी सब्जी मंडी स्थित एक स्कूल में पढ़ती है। दीपक व नितिन नामक युवक गत मार्च माह से उसकी लड़की का पीछा कर उसे परेशान कर रहे हैं। जब भी उसकी लड़की स्कूल में जाती व छुट्टी के बाद घर आती तो आरोपी युवक उसका पीछा करके उसे परेशान करना शुरू कर देते। उसकी लड़की ने कईं बार आरोपियों की हरकतों को नजर अंदाज किया मगर आरोपी अपनी हरकतों को बाज नहीं आए।

व्यक्ति ने बताया कि एक दिन उसकी लड़की स्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रही थी। आरोपियों ने उसकी लड़की को रास्ते में रोककर उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी। जब उसकी लड़की ने आरोपी युवकों का विरोध किया तो आरोपी युवक उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. रामभक्त लांगायन अंबेडकर भवन कमेटी के चौथी बार बने प्रधान

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. रामभक्त लांगायन डॉ. अंबेडकर भवन के चौथी बार प्रधान चुने गए हैं। उन्हें सर्वसम्मति से भवन का प्रधान चुना गया है, जबकि नई कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया है। कार्यकारिणी में तीन उप प्रधान, एक महासचिव, एक सह सचिव, एक कोषाध्यक्ष व 13 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव भी सर्वसम्मति से किया गया है। डॉ. अंबेडकर भवन की कमेटी के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन करके भाईचारे की एक मिसाल कायम की है।

### श्रद्धा व धूमधाम से मनाया श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल का स्मृति दिवस

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल का स्मृति दिवस देश-विदेश में संस्थान के सभी योग साधना केन्द्रों पर बड़ी श्रद्धा, सात्विकता एवं उत्साह के साथ प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। श्रद्धेय प्रकाश लाल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि देने के साथ-साथ विभिन्न स्थानों पर संस्थान के साधक-साधिकाओं द्वारा उनकी समृति में पौधारोपण भी किया गया। नियमित योगाभ्यास के पश्चात पूरे प्रांत में आयोजित श्रद्धांजलि सभाओं में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे भजन, गीत, प्रेरक प्रसंग इत्यादि प्रस्तुत किये गए।

### श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में चरक जयंती पर वैदिक ज्ञान का स्मरण

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के संहिता एवं सिद्धांत विभाग में आयुर्वेदाचार्य महर्षि चरक की जयंती श्रद्धा और वैदिक गरिमा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा चरक संहिता के श्लोकों, उनके योगदान और आयुर्वेद की मूल अवधारणाओं पर आधारित प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महर्षि चरक के जीवन, विचारों और चिकित्सा पद्धति से जोड़ना रहा। इस अवसर पर प्रो.कृष्ण कुमार ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में मंगलवार को विभाग में चरक जयंती मनाई गई।

## सात दिन के भीतर नगर निगम में दर्ज कराएं आपत्ति

# बुड़िया में 127 संपत्ति धारकों को मिलेगा मालिकाना हक

लाल डोरा व आबादी देह में स्थित संपत्तियों पर दस साल से काबिज संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देने की योजना नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** बुड़िया में पार्षद रूचि कांबोज की मौजूदगी में संपत्ति धारकों की लिस्ट चस्पाते निगम अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर के वार्ड नंबर चार के बुड़िया में लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से काबिज 127 संपत्ति धारकों की सूची निगम द्वारा बुड़िया के स्वास्थ्य केंद्र में चस्पाई दी गई है। निगम के संबंधित वार्ड पार्षद रूचि कांबोज, गौरव भाटिया, ईश्वर कांबोज व निगम अभियंता मुनेश्वर भारद्वाज द्वारा सूची को चस्पाया गया है। सूची में अंकित संपत्ति धारकों को जल्द ही मालिकाना हक देने के लिए संपत्ति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। यदि किसी भी व्यक्ति को सूची में अंकित नामों पर कोई ऐतराज है तो वह नगर निगम जगाधरी कार्यालय के कमरा नंबर 15 में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। इसके बाद इन संपत्ति धारकों को मालिकाना हक देने को उनके संपत्ति प्रमाण पत्र तैयार किए जाएंगें।

नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी के निर्देशानुसार लाल डोरा व आबादी देह में दस साल से रह रहे संपत्ति धारकों को उनकी संपत्ति का मालिकाना हक देने के लिए संपत्ति प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं। इसी क्रम में निगम द्वारा बुड़िया के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में संपत्ति धारकों की सूची उनके गांव में चस्पाई गई। साथ ही बताया गया कि लाल डोरा व आबादी देह की जगह में बसे जिन लोगों ने दस्तावेज जमा कराए हैं। यदि किसी को कोई ऐतराज है तो वह निगम में सात दिन के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकता है। सात दिन तक कोई आपत्ति दर्ज न होने पर इन संपत्ति धारकों के प्रमाण पत्र बनाकर उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने कमेटी सचिव व अन्य कर्मियों को निर्देश दिए कि संपत्ति धारकों के दस्तावेज की सही तरीके से जांच करें। जांच के दुरुस्त दस्तावेज वाले संपत्ति धारकों का प्रमाण पत्र तैयार करें।

**मालिकाना हक के लिए ये दस्तावेज जरूरी**

निगमायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि आबादी देह व लाल डोरा में स्थित संपत्तियों का प्रमाण पत्र लेने के लिए संपत्ति धारक को राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित आबादी व लाल डोरा का शपथ पत्र, पिछले दस साल का बिजली बिल या पानी का बिल, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, जीएसटी प्रमाणपत्र, वोटर कार्ड, कब्जा प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स की रसीद, निर्माणाधीन नक्शा प्रमाण पत्र में से कोई दो दस्तावेज, सेल डीड, कन्वेयन्स डीड, रिलीज डीड, जमाबंदी, फर्द व राजस्व विभाग द्वारा सत्यापित डिग्री, रजिस्ट्री और राजस्व विभाग द्वारा जारी वारसान रिपोर्ट दस्तावेज जरूरी है। संपत्ति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए संपत्ति धारक ये जरूरी दस्तावेज साथ लाएं।

### हमलावरों ने व्यक्ति पर तलवार व कटर से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की जम्मू कॉलोनी में करीब दर्जन भर हमलावरों ने कॉलोनी के ही नरेंद्र सैनी पर तलवार व कटर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

■ पुलिस ने करीब दर्जन भर अज्ञात युवकों के खिलाफ किया केस दर्ज

जानकारी के अनुसार जम्मू कॉलोनी बी निवासी नरेंद्र सैनी ने गांधी नगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 28 जुलाई को शाम सात बजे कॉलोनी में किसी काम से जा रहा था। इस दौरान रास्ते में कुछ युवक खड़े थे। उसकी उन युवकों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। मगर कुछ देर बाद आरोपी युवक अपने करीब दर्जन भर साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपियों के हाथों में तलवार, कटर, डंडें व लाठियां थी। आरोपियों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। हमले में उसके शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



**यमुनानगर।** महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन द्वारा रादौर में आयोजित कार्यक्र में अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेते एसोसिएशन के सदस्य।

## दो व्यक्तियों के बीच मित्रता के बन्धन का उत्सव है अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रधान भारत माटिया ने की अध्यक्षता

महाराणा प्रताप पार्क एसोसिएशन रादौर के तत्वावधान में बुधवार को कस्बा में अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस मनाया गया। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से लोगों को मित्रता व भाईचारे का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान भारत माटिया ने की।

एसोसिएशन के प्रधान भारत माटिया ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र ने 30 जुलाई का दिन अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के रूप में घोषित किया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 27 अप्रैल 2011 को एक प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें 30 जुलाई को विभिन्न प्रकार के धर्मों और धर्मों के व्यक्तियों और समुदायों के बीच सांस्कृतिक सद्भाव और एकजुटता बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस के रूप में घोषित किया गया। भारत, अमेरिका, नेपाल, बांग्लादेश और दक्षिण अमेरिका महाद्वीप के कुछ देशों समेत कई अन्य देशों में यह अगस्त के पहले रविवार को मनाया जाता है।

मित्रता दिवस फ्रेंडशिप डे के नाम से अधिक प्रचलित है। फ्रेंडशिप डे दुनिया भर में मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह दो व्यक्तियों के बीच के मित्रता के बन्धन का उत्सव है। इसका प्रारूप भी मातृ दिवस (मदर्स डे) तथा पितृ दिवस (फादर्स डे)जैसे कुछ अन्य अंतरराष्ट्रीय उत्सवों जैसा ही है। इस दिन मित्र एक दूसरे के लिए अपने विचार रखते हैं तथा अपने जीवन में एक दूसरे के महत्व और उपस्थिति को स्वीकार करते हैं। दिन को यादगार और विशेष बनाने के लिए मित्र उपहार व ग्रीटिंग कार्डस देते हैं और एक साथ समय व्यतीत करते हैं। स्कूल और कॉलेज जाने वाले युवाओं में यह अधिक लोकप्रिय है। यह वर्ष का एक विशेष कार्यक्रम है। नब्बे के दशक में इसे व्यापक लोकप्रियता प्राप्त हुई थी। भारत में फ्रेंडशिप डे को लोकप्रिय करने का श्रेय मनोरंजन उद्योग को जाता है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियां बाजार में नए उत्पादों को पेश करती हैं। भारत में मित्रों के साथ फ्रेंडशिप बैंड शेयर करना बहुत ही सामान्य है।

## चोरों ने रात को घर में घुसकर चुराए सोने व चांदी के आभूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव जागधौली में चोरों ने रात को घर में घुसकर करीब डेढ़ लाख रुपये की कीमत के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तो उन्हें चोरी का पता चला।

पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जागधौली निवसी हरविंद्र सिंह ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गत 28 जुलाई को रात साढ़े 10 बजे वह परिवार के साथ खाना खाने के बाद घर पर सो गया था।

सुबह जब उसकी आंख खुली तो उन्हें घर में रखा सामान बिखरा मिला। यह देखकर उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। जब उन्होंने घर की जांच की तो सोने की चेन, सोने की दो अंगूठियां, सोने की नथ, चांदी की पंजेगिला, दो टॉप्स, एक चांदी का कड़ा व अन्य आभूषण गायब मिले। उसने बताया कि चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## प्रदर्शनियों से विद्यार्थियों में सीखने की बढ़ती है रुचिः मोनिका

■ होली मदर पब्लिक स्कूल में मल्टी डिसिप्लिनरी प्रदर्शनी प्रयास का हुआ आयोजन

■ प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल बनाकर किए प्रस्तुत

■ विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने प्रदर्शनी का दीप प्रज्जवलित करके किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रदर्शित किए गए मॉडलों का अवलोकन करते निर्णायक मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

होली मदर पब्लिक स्कूल में बुधवार को मल्टी डिसिप्लिनरी प्रदर्शनी (प्रयास) का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में बच्चों ने आकर्षक मॉडल्स बनाकर प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी का अवलोकन निर्णायक मंडल में शामिल विषय विशेषज्ञ एचओडी भोपाल सिंह, इंदरप्रीत कौर, मनिंदर कौर, सुमन बिहाना व नितिन ने किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि प्रदर्शनी में बच्चों ने गणित, सामाजिक विज्ञान, भाषा, विज्ञान, आईटी, कला और भाषाओं से जुड़े अनेक सुंदर और रोचक मॉडल प्रदर्शित किए। विद्यार्थियों ने बड़ी मेहनत से अपने-अपने मॉडल तैयार किए।

इनमें डिफैन्स सिस्टम, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, ड्रिप इरिगेशन, डिस्टिलेशन ऑफ वॉटर, क्लिप स्विच, वैक्यूम क्लिनर, वॉटर लैवल इंडिकेटर, पार्क ऑफ डिफरेंट शेप, टाईप ऑफ पोलिनोमियल, फ्रेक्शन, पाई चार्ट, ट्रिगोनोमैट्रिक रेशियो, प्रोबेबिलिटी, सक्योरिटी सिस्टम आदि जैसे कई मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रदर्शनी में भाग लिया।

**मॉडल के बारे में विस्तार से समझाया**

उन्होंने आने वाले सभी दर्शकों को अपने मॉडल के बारे में विस्तार से समझाया कि यह किस विषय से जुड़ा है, कैसे काम करता है और हमें इससे क्या सीख मिलती है। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों की मेहनत और रचनात्मक सोच की सराहना की। प्रधानाचार्या मोनिका ने बताया कि प्रदर्शनी आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता और ज्ञान को एक मंच पर प्रस्तुत करना रहा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी विद्यार्थियों में सीखने की रुचि बढ़ाती है और उन्हें नई तकनीकों और विचारों से परिचित कराती है। उन्होंने सभी बच्चों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मौके पर स्कूल के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रखना है। बल्कि उन्हें व्यवहारिक अनुभव और आत्मविश्वास देना है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में बच्चों ने जो प्रतिभा दिखाई है वह प्रशंसनीय है। चेयरमैन ने शिक्षकों की भी सराहना की। जिन्होंने विद्यार्थियों को सही दिशा और मार्गदर्शन दिया।

## योग करके श्रद्धापूर्वक मनाई भारतीय योग संस्थान के संस्थापक प्रकाश लाल की पुण्यतिथि

■ भारतीय योग संस्थान द्वारा रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में महाराणा प्रताप पार्क में आयोजित कार्यक्रम में योग करते हुए भारतीय योग संस्थान स्थानीय इकाई के सदस्य।

भारतीय योग संस्थान द्वारा बुधवार को कस्बा के महाराणा प्रताप पार्क में संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल की 16वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक स्मृति दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय योग संस्थान रादौर इकाई द्वारा किया गया। इकाई के प्रधान योगेश गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल को श्रद्धांजलि अर्पित की।

संस्थान की रादौर इकाई के प्रधान योगेश गोयल ने बताया कि आर्थिक विषमताओं के चलते श्रद्धेय प्रकाश लाल का ध्यान सामाजिक कल्याण की ओर लग गया। सर्वे भवंतु सुखिनः तथा वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर चलते हुए इन्होंने जन जन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। आज देश और विदेशों में योग के सहारे लाखों लोग स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर इकाई के सदस्यों ने योग करके संस्थापक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सुभाष कांबोज, किरणपाल, तिलकराज, निरंजन, डॉ. विनोद शर्मा, रमेश, देवेंद्र, प्रेमकुमार, डॉ. संजीव सज्जन सिंह, मंगतराम, कुलदीप कौर, सुषमा व राधा रानी आदि मौजूद रहे।

## मकानों की छतों से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन तारें लोगों के लिए बनी परेशानी का सबब

■ रादौर के नागरिकों ने बिजली निगम के एसडीओ से मिलकर की मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रही तारों को हटाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



**यमुनानगर।** रादौर की साईं कालोनी में मकानों के ऊपर से गुजरी बिजली की हाईटेंशन तारे। फोटो : हरिभूमि

रादौर में साईं कॉलोनी में मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन तारों से कस्बा के नागरिक परेशान हैं। कस्बा के नागरिकों ने बिजली निगम के एसडीओ से मिलकर सांई कालोनी के मकानों की छतों के ऊपर से गुजर रही बिजली की हाईटेंशन तारों को तुरंत हटाए जाने की मांग की है। कॉलोनी निवासी साहिल, सतीश सैनी, रोमी बंचल, काला, रमेश सैनी, नरेंद्र कुमार व मंगतराम आदि ने बताया कि उनकी कॉलोनी के मकानों के ऊपर से जुब्बल फीडर की हाईटेंशन तारे गुजर रही हैं। जिस कारण कॉलोनी में तारों के कारण कई बार हादसे हो चुके हैं। उनकी मांग है कि कॉलोनी के मकानों के ऊपर से गुजर रही तारों को जल्द से जल्द शिफ्ट करवाया जाए। जिससे कॉलोनी के लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

**तारें हटाने के लिए भेजा गया है एस्टीमेट**

बिजली निगम रादौर के एसडीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि कस्बा की साईं कॉलोनी के मकानों के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को शिफ्ट करने के लिए अस्टीमेट बनाकर एक्सईएन कार्यालय में भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलते ही लाइन को शिफ्ट करवा दिया जाएगा।

## रादौर में तीन अगस्त को मनाया जाएगा मुल्तान जोत महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

■ मुल्तान सभा रादौर सदस्यों की कार्यक्रम को लेकर कस्बा में आयोजित हुई बैठक

मुल्तान सभा रादौर के तत्वावधान में तीन अगस्त को कस्बा के गीता भवन में 45वां मुल्तान जोत महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ सुबह साढ़े आठ बजे हवन यज्ञ के साथ किया जाएगा। उक्त जानकारी सभा के प्रधान डॉ. अशोक मिगलानी ने बुधवार को कस्बा में कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित सभा के सदस्यों की बैठक में दी।

सभा के प्रधान डॉ. अशोक मिगलानी ने बताया कि हवन यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सभी के लिए मंगल कामना की जाएगी। वहीं, हवन यज्ञ के उपरांत सभा की ओर से मुल्तान जोत के साथ कस्बा में शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा गीता भवन से शुरू होकर मेन बाजार से होते हुए पश्चिमी यमुना नहर के पक्के घाट पर समाप्त होगी। इस दौरान शोभायात्रा का बैंड बाजों से स्वागत किया जाएगा। मुलतान जोत शोभायात्रा का पक्के घाट पर रोटरी क्लब के प्रधान हरजीत सिंह सैनी के नेतृत्व में सदस्यों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया जाएगा। पक्के घाट पर मुल्तान जोत का पश्चिमी यमुना नहर में विसर्जन किया जाएगा।

**विश्व बाघ दिवस मनाया**

### गुरुकुल खरकाली में विश्व बाघ दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

## वनों की कटाई व शिकार से बाघों की संख्या में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



डॉ. अमन पंजेटा

■ कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने लिया भाग

गुरुकुल खरकाली में बुधवार को विश्व बाघ दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में गुरुकुल के चेयरमैन डॉ. अमन पंजेटा ने भाग लिया। मौके पर बच्चों को विश्व बाघ की जानकादी दी गई।

मुख्यातिथि एवं गुरुकुल के चेयरमैन अमन पंजेटा ने बताया कि पूरे संसार में विश्व बाघ दिवस मनाया जाता है। अवैध शिकार और वनों के कटने के कारण विश्व के कई देशों में बाघों की संख्या में काफी गिरावट आई है। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में जंगली बाघों के निवास के संरक्षण, विस्तार तथा उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। उन्होने बताया कि 2010 में रूस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में आयोजित बाघ सम्मेलन में इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था। इस सम्मेलन में 13 देशों ने भाग लिया था। उन्होंने 2022 तक बाघों की संख्या में दोगुनी बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा था। तब से प्रत्येक वर्ष को वर्ल्ड टाइगर डे मनाया जाता है। भारत सरकार ने बाघों के संरक्षण के लिए वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगरस की शुरुआत की थी। वर्तमान में भारत में कुल 50 टाइगर रिजर्व कोर और बफर क्षेत्र हैं। वर्ष 2016 में बाघ की आबादी वाले विश्व के 13 देशों में बाघों की कुल संख्या 3 हजार 948 थी। वहीं, भारत में बाघों की कुल संख्या एक हजार 706 थी। भारत ने बाघ संरक्षण के लिए काफी सराहनीय कार्य किया है। वर्ष 2006 में केवल 1411 बाघ थे जो 2014 में बढ़कर 2226 हो गए थे। उन्होंने बताया कि भारत में प्रत्येक 4 वर्ष बाद बाघ की गणना की जाती है।

कर्नाटक भारत का ऐसा राज्य है। जिसमें बाघों की संख्या सबसे अधिक है। वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ फंड और फॉर नेचर एक अंतरराष्ट्रीय गैर सरकारी संगठन है। यह संगठन वन्य जीवों के संरक्षण के लिए कार्य करता है। इसकी स्थापना 29 अप्रैल 1961 में की गयी थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैंड के रुए मौवेर्नी में स्थित है। इस संगठन का उद्देश्य वन्य जीवों का संरक्षण तथा पर्यावरण पर मानव के प्रभाव को कम करना है। 1998 से हर दो साल के उपरांत लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट प्रकाशित करता है। वर्तमान में बाघों की संख्या अपने न्यूनतम स्तर पर है। बाघों की कुछ प्रजातियां पहले ही विलुप्त हो चुकी हैं। पूरी दुनिया में बाघों की कई तरह की प्रजातियां मिलती हैं। इनमें 6 प्रजातियां मुख्य हैं। इनमें साइबेरियन बाघ, बंगाल बाघ, इंडोचाइनीज बाघ, मलायन बाघ, सुमात्रा बाघ और साउथ चाइना बाघ शामिल हैं। बंगाल टाइगर या पेंथेरा टिगरिसए प्रकृति की सबसे सुन्दर प्रजातियों में से एक है। यह बाघ परिवार की एक उप प्रजाति है और भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, म्यांमार एवं दक्षिण तिब्बत के क्षेत्रों में पाई जाती है। इसके शौर्य, सुंदरता और बलशाली रूप को देखते हुए बंगाल टाइगर को भारत के राष्ट्रीय पशु के सम्मान से भी नवाजा गया है। अन्य जीवों की अपेक्षा बाघों की देखने और सुनने की शक्ति कहीं ज्यादा होती है।

### स्वस्थ मां व स्वस्थ शिशु समाज की मजबूत नींव : डा. अंजली

**शाहबाद।** रोटेरियन की पत्नियों द्वारा एक महत्वपूर्ण सह पायलट परियोजना माँ और शिशु की देखभाल का आयोजन सिद्धार्थ हॉस्पिटल लाडवा रोड शाहबाद मारकंडा में संपन्न हुआ। आयोजन के अंतर्गत डॉ. अंजली द्वारा गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं कों स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद 120 महिलाओं को मुफ्त परामर्श और संतुलित आहार चार्ट वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. अंजली ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु ही समाज की मजबूत नींव हैं। इस अवसर पर रोटेरियन सदस्यों की पत्नियों ने समाज में मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने की सराहनीय पहल की। क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने इस आयोजन की भरपूर सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रम वास्तव में समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए अत्यंत उपयोगी हैं।

# 4028 परीक्षार्थियों ने दी एचटेट लेवल-3 की परीक्षा, 541 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में बुधवार को एचटेट लेवल थ्री की परीक्षा में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा में 541 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए 4569 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें से 4028 ने परीक्षा दी। दो दिवसीय परीक्षा के पहले दिन जिला में सांध्यकालीन सत्र में 15 केंद्रों पर एचटेट परीक्षा आयोजित हुई। वहीं वीरवार को प्रातः कालीन व सांध्यकालीन दो सत्रों में लेवल वन व टू के लिए भी 22 केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी व जैमर आदि की व्यवस्था की गई थी। सभी परीक्षार्थियों को तीन स्तरीय सघन तलाशी से गुजरना पड़ा। सुरक्षा कर्मियों ने किसी भी परीक्षा केंद्र में बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं करने दिया। परीक्षा का पहला दिन कड़ी सुरक्षा के बीच बीता। शाम की शिफ्ट में पीजीटी लेवल-3 परीक्षा हुई। परीक्षा शुरू होने से करीब दो घंटे पहले ही केंद्र के गेटों पर लाइनें लगनी शुरू हो गई। नकल रोकने के लिए पूरी सुरक्षा की गई। परीक्षा के लिए सुरक्षा से जुड़े नियम पहले ही तय कर दिए गए थे। जब परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थी पहुंचे, तो उन्हें हर नियम का पालन करना पड़ा।

## केंद्रों पर सीसीटीवी, वीडियोग्राफी व जैमर की व्यवस्था

### पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रही चोक चौबंद

नकल रहित व शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने को लेकर पुलिस की ओर से भी सुरक्षा के मद्देनजर हर व्यवस्था की गई है। सभी केन्द्रों पर परीक्षा पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भी पूरी निगरानी बनाए रखी। वहीं नकल रोकने के लिए महिला परीक्षार्थियों को मंगलसूत्र को छोड़कर अन्य आभूषण पहन कर अंदर नहीं जाने दिया गया। परीक्षा में जैमर, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था भी की गई है।

### बॉयोमेट्रिक से उपस्थिति हुई दर्ज

परीक्षा केंद्रों के बाहर ही सभी परीक्षार्थियों के दस्तावेज चेक किए गए। इसके बाद उन्हें अंदर भेजा गया। अंदर भी दो स्तरों पर सघन तलाशी हुई। इसके बाद बॉयोमेट्रिक पर उपस्थिति दर्ज कराने के बाद परीक्षा में बैठने दिया गया। केंद्र में प्रवेश करते समय हर परीक्षार्थी की वीडियोग्राफी की गई। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के साथ ही परीक्षार्थियों के साथ आए परिजनों और वाहनों पुलिस ने दूर हटा दिया।

### रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षा

दूसरे दिन रविवार को एचटेट लेवल एक-पीआरटी व लेवल दो-टीजीटी के लिए सभी 14 केंद्रों पर प्रात 10 से 12.30 बजे तक तथा दूसरे सत्र में 3 से सांय 5.30 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा आरंभ होने के एक घंटा पहले तक ही केंद्र में प्रवेश करना होगा प्रातः कालीन सत्र में 9 बजे के उपरांत व सांय कालीन सत्र में दो बजे के उपरांत किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

## परीक्षार्थियों के ठहरने के लिए जाट धर्मशाला में व्यवस्था

कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में एक बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जाट संस्था के प्रधान कृष्ण श्योकंद ने की। बैठक में सभी कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया



कोऑर्डिनेटर गुरदीप तंवर ने बताया कि 31 जुलाई को होने वाले एचटेट की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के लिए जाट धर्मशाला में रात्रि ठहराव वह खानपान का निशुल्क बंदोबस्त करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन पूरे हरियाणा से परीक्षार्थी अपने-अपने केंद्र में परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में कुरुक्षेत्र जिले में आने वाले सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध है कि वह जब चाहे धर्मशाला में आकर रूक सकते हैं वह उनके लिए जलपान व खाने पीने का व्यापक तौर पर बंदोबस्त किया गया है ताकि यहां आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को रहने व खाने की दिक्कत ना हो और वह अपनी परीक्षा आराम से दे सके। संस्था के प्रधान श्योकंद ने बताया कि इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए जाट धर्मशाला सदैव तत्पर रहती है।

## खबर संक्षेप



### जय भारती विद्या मंदिर में मनाया शहीदी दिवस

कुरुक्षेत्र। जय भारती विद्या मंदिर में शहीद-ए -आजम उधम सिंह की पुण्य तिथि की पूर्व वेला पर शहीदी दिवस मनाया गया। सबसे पहले विद्यार्थियों तथा गुरुजनों ने राष्ट्र के नाम शपथ ली। विद्यालय के डायरेक्टर 'ओम गोपाल शर्मा' ने शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी शहादत के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे जलियांवाला कांड के अपराधी जनरल डायर को शहीद उधम सिंह ने लंदन में मारा।

### सतलुज स्कूल में शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन



शाहबाद। नगर की महिलाओं की सामाजिक संस्था इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शैक्षणिक कार्यशाला का आयोजन किया। क्लब की मुख्य वक्ता रितु अग्रवाल ने कार्यशाला में प्रभावशाली परियोजनाओं के माध्यम से छात्रों के बीच पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करवाया गया।

## मुख्यमंत्री सैनी ने श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेशवासियों के स्वास्थ्य व प्रदेश की तरक्की के लिए की प्रार्थना

# सरकार के प्रयासों से भारत ब्राइट स्पॉट के रूप में उभरा: सीएम

- मंत्रोच्चारण के बीच किया जलाभिषेक, मंदिर परिसर में किया पौधरोपण, साधु संतों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केन्द्र सरकार के प्रयासों से भारत विश्व में एक ब्राइट स्पोट के रूप में उभरा है। इस देश में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को लागू किया जा रहा है। इन नीतियों से आम नागरिकों को योजनाओं का सीधा फायदा मिल रहा है। यह देश जनकल्याणकारी नीतियों के कारण तेज गति के साथ विकसित राष्ट्र बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बुधवार को पिहोवा के गांव अरुणाय में श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा के वरिष्ठद नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में मंत्रोच्चारण के बीच जलाभिषेक किया और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य और प्रदेश की तरक्की को लेकर पूजा अर्चना की है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर का अवलोकन किया और साधु संतों से मुलाकात कर नागरिकों की समस्याएं सुनी। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंदिर परिसर में पौधा रोपण भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सावन मास की पावन बेला पर श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में प्रदेशवासियों के अच्छे स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और प्रदेश की तरक्की के लिए प्रार्थना करने का अवसर मिला है। इस श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में प्रार्थना की है कि सभी स्वस्थ रहे और हमेशा तरक्की की राह पर आगे बढ़ते रहे। एक प्रश्न का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो करकर दिखाया और जो नहीं कहा वह भी करकर दिखाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री है जिनके नेतृत्व में देश तेज गति के साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़ रहा है। इस देश में हर वर्ग के लिए नीतियां तैयार की और देश की संस्कृति और संस्कारों को संरक्षित करने के साथ-साथ हर क्षेत्र में मजबूत करने का काम किया है।



पिहोवा। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा करते और मंदिर परिसर में पौधरोपण करते सीएम नायब सैनी।

### हर व्यक्ति प्रधानमंत्री की नीतियों में विश्वास रखता

मुख्यमंत्री ने आप्रेशन सिंदूर व महादेव ऑपरेशन पर पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि विपक्ष संसद में अपनी वाहावाही लूटने के लिए संसद को रोकने व वादित करने का प्रयास किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद सत्र के 2 दिनों में शीशे की तरह सच को देश के सामने रखा और जिन आंतकवादियों ने भोले भाले लोगों को गोलियों का शिकार बनाया, उन आंतकवादियों को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता है। हर व्यक्ति प्रधानमंत्री की नीतियों में विश्वास रखता है। इस कार्यक्रम के अंत में महंत विश्वनाथ गिरी ने मुख्यमंत्री को रूद्राक्ष की माला व पटका पहनाकर आशीवार्द दिया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रबंधक भूषण गौतम, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, पूर्व मंत्री कमलेश ढांढा, जिला अध्यक्ष तेजेंद्र गोल्डी, जिला परिषद चेयरमैन कवलजीत कौर, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, घुमंतु जाति चेयरमैन जय सिंह पाल ,भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी, धीरज पुरी, भूपेंद्र पुरी, सरपंच सुमन लता ,सरपंच प्रतिनिधि रामकुमार, केशव गौतम, वंश गौतम, कमल गौतम, शंभू दत्त, सतीश शर्मा, जय नारायण शर्मा, तुषार सैनी, पंडित विशाल शर्मा, केशव गौतम, सरपंच धनीपुरा विकल चौबे, कृष्ण कुमार गुरमेहर विर्क छज्जूपुर, रामनाथ दीवाना, कमल काजल हरिगढ़, हनु चक्रपाणि समाजसेवी, समाजसेवी विकास गर्ग, शुगर फैड चेयरमैन धर्मवीर डागर, पूर्व शुगर फैड चेयरमैन कैलाश भगत, लाडी पाल, मनदीप सिंह विर्क, मण्डल अध्यक्ष प्रिंस गर्ग, हरिओम अग्रवाल, ब्लॉक समिति अध्यक्ष सोनू, सचिन सैनी और सगमेश्वर धाम के सभी सेवादार और आमजन ने पूजा में भाग लिया।

# पुलिस की भर्ती निकाली जाएगी सभी युवा करें मेहनत : सैनी

- कांग्रेस के नेता तो 50 वोटों पर दे रहे थे एक नौकरी, देश व प्रदेश से समाप्त हो चुका है कांग्रेस का जनाधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार द्वारा पुलिस की भर्ती निकाली जाएगी। इसके लिए सभी युवा मेहनत करनी शुरू करे। प्रदेश सरकार युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची पर्ची के नौकरी मुहैया करवा रही है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय वोट लेने के लिए चुनावी नेता 50 वोटों पर एक नौकरी देने की बात कह रहा था तो कोई हिस्से में आने वाली नौकरियों को बांटने की बात कर रहा था। देश व प्रदेश से कांग्रेस का जनाधार समाप्त हो चुका है और आने वाले दिनों में भी कोई हिसाब किताब नजर नहीं आ रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से सरकार ने सीईटी ग्रुप सी के पदों के लिए परीक्षा आयोजित करवाई गई। इस परीक्षा में साढ़े 13 लाख युवाओं ने आवेदन किया था।



### विपक्ष के लोग कर रहे दुष्प्रचार

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले की सरकारों में नौकरी के लिए परिवार को यह देखना पड़ता था कि किसी व्यक्ति की विधायक या मंत्री से जानकारी है और उनका खर्च विवाह करना पड़ता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, अब विपक्ष के लोग दुष्प्रचार कर रहे है। विधानसभा चुनाव से पहले 25 हजार युवाओं का नौकरी के लिए परीक्षा परिणाम तैयार था, इस दौरान विपक्ष के लोग चुनाव आयोग और कोर्ट में चले गए। इस वादे को भी उन्होंने पूरा किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इसी महीने में करीब साढ़े 7 हजार युवाओं की नौकरी के लिए परिणाम घोषित कर उन्हें रोजगार देने का काम किया है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी,चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मीडिया कोर्डिनेटर तुषार सैनी, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव उत्सव शर्मा, सरपंच नेहा रानी डीग, सुमित डीग, सरपंच बीड कालवा शिल्पा रानी, कुलदीप सुरजगढ़, सरपंच धनानी सुख श्याम, पूर्व मंडल प्रधान जस्सी हमीदपुर, कौशल सैनी, नायब सिंह पटाक माजरा, मंडल महामंत्री भीम बेरथला, अनिल टाटकी, डिम्पल सैनी, षार्षद सन्नी कालड़ा, पूर्व सरपंच गुरमीत कलालमाजरा, संजीव सुजरगढ़, नरेंद्र गोजरे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। जिला योगासन खेल संघ कुरुक्षेत्र की बैठक में भाग लेते पदाधिकारीगण।

## जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 3-4 अगस्त को

कुरुक्षेत्र। पांचवीं जिला योगासन खेल चैंपियनशिप 2025 के आयोजन हेतु हरियाणा योगासन खेल संघ की जिला कुरुक्षेत्र इकाई की बैठक संघ के प्रधान राजेंद्र भारद्वाज वानप्रस्थी की अध्यक्षता में हुई। यह प्रतियोगिताएं पूर्ववत घोषित कार्यक्रम अनुसार बाल, तरुण, युवा एवं वरिष्ठ युवा वर्ग ए-बी-सी, कुल 6 वर्गों में होंगी । इसके लिए विभिन्न आयु वर्ग 10 से 14, 14 से 18, 18 से 28, 28 से 35, 35 से 45 व 45 से 55 वर्ष बनाए गए हैं। प्रत्येक आयु वर्ग में पुरुषों व महिलाओं की अलग-अलग प्रतियोगिताएं होंगी। आयु की गणना 1 जनवरी 2025 से की जाएगी। प्रतियोगिताएं परंपरागत, कलात्मक एवं तालात्मक योग श्रेणियों में एकल एवं युगल होंगी। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए 200 प्रति खिलाड़ी शुल्क रखा गया है। एक योगासन खिलाड़ी अधिक से अधिक दो प्रतियोगिताओं में भाग ले सकता है । विजेताओं को संघ की ओर से मेडल प्रदान किए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल अधिकारी एवं जिला आयुष अधिकारी के संयुक्त सहयोग व भागीदारी से जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के स्थान में परिवर्तन किया गया है। अब यह प्रतियोगितायें महिला थाना सेक्टर 8 के सामने तथा श्रीकृष्ण आयुष अस्पताल के पास स्थित श्रीअखंड गीता पीठ में 3 व 4 अगस्त को होंगीं।



कुरुक्षेत्र। लोटस ग्रीन सिटी के पंचदेव मंदिर में पार्थिव लिंग की शिव पूजन का चित्र।

## पंचदेव मंदिर लोटस ग्रीन सिटी में पार्थिव लिंग की पूजा कर रहे श्रद्धालु

कुरुक्षेत्र। सावन मास के चलते कुरुक्षेत्र में स्थित प्राचीन और ऐतिहासिक शिव मंदिरों स्थाण्वीश्वर महादेव, कालेश्वर महादेव, सर्वेश्वर महादेव, दुखभंजन महादेव के अलावा पंचदेव मंदिर लोटस ग्रीन सिटी मंदिर, महादेव मोहल्ला में स्थित महादेव मंदिर, प्राचीन शिव लक्ष्मी नारायण मंदिर महादेव मोहल्ला तथा अन्य दर्जनों मंदिरों में भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए काफी संख्या में लोग जलाभिषेक के लिए जाते हैं। इसी कड़ी में मंदिरों में इस सावन मास में पार्थिव शिवलिंग की पूजा भी की जा रही है।

# सांसद जिंदल की पहल : कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर पूरा करेगी युवाओं के सपने

- 'कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर' युवाओं के ग्लोबल प्रशिक्षण और रोजगार के लिए बनेगा हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र ग्लोबल सिटी सेक्टर-29 में कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर नए स्वरूप और उद्देश्य के साथ विकसित किया जा रहा है। सांसद नवीन जिन्दल की दूरदर्शी सोच और कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता का यह प्रत्यक्ष उदाहरण है। कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर का उद्देश्य क्षेत्रीय युवाओं को आधुनिक तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देना है, बल्कि उन्हें विश्व स्तरीय नौकरियों के लिए तैयार करना भी है। यह केंद्र, आईटी, हेल्थ, एग्रीटेक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्यूटी एंड वेलनेस, और कैरियर काउंसलिंग जैसे अनेक क्षेत्रों में युवाओं को प्रशिक्षित करेगा। कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने के लिए देश की अग्रणी संस्थाओं एवं कंपनियों कल्टस एजुकेशन एंड टेक्नोलॉजी सर्विस, एजुजोब एकेडमी, आईटी-आईटी सेक्टर स्किल काउंसिल, इंडीक एआई/विद्या एआई, स्किलवैरी, मैजिक बिलियन, ग्लोबल नर्स फोर्स, और एठ एग्रीटेक प्रा. लि. के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए जा चुके हैं। इन संगठनों का सहयोग इस सेंटर को एक मल्टी-डिसिप्लिन ग्लोबल स्किल हब के रूप में स्थापित करेगा, जो न केवल युवाओं को प्रशिक्षित करेगा बल्कि जॉब प्लेसमेंट, ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग, और इंटरनेशनल करियर गाइडेंस जैसी सेवाएं भी देगा। नवीन जिन्दल फाउंडेशन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल्स सेंटर रोजगार उन्मुख शिक्षा का आदर्श मॉडल बनेगा। स्थानीय युवाओं और अभिभावकों में इस परियोजना को लेकर उत्साह का माहौल है। जल्द ही यहां प्रवेश प्रक्रिया और प्रशिक्षण सत्र शुरू होंगे, जिसकी जानकारी शीघ्र सार्वजनिक की जाएगी।



## षड्दर्शन साधु समाज ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

पिहोवा। षड्दर्शन साधु समाज की बैठक मां पीतांबरा शक्तिपीठ धनीरामपुरा में अध्यक्ष श्रीमहंत बंसी पुरी की अध्यक्षता में हुई। इसमें पूरे प्रदेश से संत महात्माओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद संगमेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी को मांग पत्र सौंपा गया। श्रीमहंत बंसी पुरी ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न गांवों में अखाड़ा संस्कृति से जुड़े प्राचीन मंदिर, मठ और डेरे हैं। इनमें जब भी कोई साधु ब्रह्मलीन होता है तो गांव का दखल बढ़ जाता है। इन गांवों के सरपंच और मौजिज व्यक्ति इन स्थानों के संचालन में दखल देने लगते हैं। जिससे तनाव की स्थिति पैदा होती है। संत महात्माओं ने कहा कि स्थान रिक्त होने पर इन पर नई जिम्मेदारी देने का अधिकार संत समाज का है। मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन देकर सरकार से यही मांग की गई है कि अखाड़ा परंपरा के अनुसार इनका संचालन करने में सरकार मदद करें और जो व्यक्ति बाधा पहुंचाता है। उसके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि इन स्थानों से लाखों संत महात्मा जुड़े हुए हैं। यहीं से प्राचीन भारतीय संस्कृति की सनातन परंपरा चलती है। जिसे जीवित रखना साधु संतों का दायित्व है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मांग पर तुरंत विचार करने का आश्वासन दिया है। बैठक में महंत ज्ञानेश्वर दास, डेरा उदासीन नया अखाड़ा से महंत तरण दास, माता बगलामुखी मंदिर के संचालक महंत भीम पुरी, स्वामी चमन गिरी, महंत ईश्वर दास शास्त्री कैथल, संत राजेंद्र दास, जनार्दन दास बैरागी, विजय गिरी श्रवण गिरी रोहित गिरी मधुर गिरि महंत विशाल दास, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के महंत महावीर दास, बाबा सरपंच गिरी ट्यूकर वाले सहित कई संत महात्मा मौजूद रहे।

## ब्रह्माकुमारीज बहनों ने जिला जेल में एसपी डीएसपी सहित जेल अधिकारियों को बांधा रक्षा सूत्र

कुरुक्षेत्र। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केन्द्र



'विश्व शान्ति धाम' द्वारा जिला जेल में सभी भाई व बहनों हेतु रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष में कार्यक्रम किया गया। इसमे 200 से अधिक भाई -बहन मौजूद रहे। बी.के. पुष्पा बहन ने सभी भाई बहनों को आत्मा की पहचान दी कि आज संसार में जो भी पाप, भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं, उसका मूल कारण है देह अभियान। देह अभिमान के कारण हमारे कर्म कभी भी श्रेष्ठ नहीं होते। यदि हम स्वयं को आत्मा निश्चय करके कर्म करेंगें, तो कर्म भी ठीक व जीवन मे सुख शान्ति प्यार बढ़ेगा। ब्रह्माकुमारी राधा बहन ने रक्षाबंधन पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताया कि जब हम तिलक लगाते हैं, तो स्वयं को आत्मा निश्चय कर मुख मीठा करते हैं कि सदा मिठास बनी रहे। जीवन में दिव्य गुणों की धारणा होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि रक्षा सूत्र बांधते हुए कोई बुराई का अवश्य त्याग करें। वास्तव में हमारी रक्षा परमपिता परमात्मा शिव ही करते हैं और वे ही सच्चे रक्षक है। आज सभी एक एक बुराई को छोड़ने की प्रतिज्ञा करें। इस अवसर पर रोहन हुड्डा डी.एस पी., राजेश कुमार, सतपाल, सुरेन्द्र कुमार जिला जेल की ओर से उपस्थित रहे। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह, डीएसपी शिवेंद्र पाल सिंह व रोहन हुड्डा सहित सभी जेल अधिकारियों को रक्षा सूत्र बांधा गया।

**अभियान** | 60 विद्यार्थियों की टीमों ने स्कूलों में दी दस्तक, 1500 से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग

# टीबी मुक्त कुरुक्षेत्र का लक्ष्य: आयुष विवि ने संभाली कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय ने टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को धरातल पर साकार करने की दिशा में बड़ी पहल की है। विश्वविद्यालय के आयुर्वेद चिकित्सकों और छात्रों की टीमों ने अभियान की कमान संभालते हुए ह्लटीबी हारेगा, देश जीतेगाह्व के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में मंगलवार को शुरू हुए अभियान में विश्वविद्यालय के यूजी व पीजी कोर्स के 60 विद्यार्थियों की टीमों ने आर्य पब्लिक स्कूल, डीएवी स्कूल सेक्टर-13, राजकीय कन्या विद्यालय थानेसर, राजकीय स्कूल सेक्टर-13 और कोर्ट कॉम्प्लेक्स समेत विभिन्न स्थानों पर 1500 से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की।



टीमों ने लोगों को क्षय रोग के लक्षण, जांच और इलाज की विस्तृत जानकारी दी, ताकि समय पर पहचान कर इलाज शुरू किया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिले में घर-घर जाकर स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है, परंतु शहरी क्षेत्रों में संसाधनों और स्वास्थ्य कर्मियों की कमी एक बड़ी चुनौती बन गई थी। ऐसे में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की ओर से मिला सहयोग स्वास्थ्य विभाग के लिए अत्यंत सहायक साबित हो रहा है।

### 100 क्षय रोगियों को गोद लेने की मानवीय पहल की

आयुष विवि के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने नक्षय मित्र बनते हुए 100 क्षय रोगियों को गोद लेने की मानवीय पहल की है। प्रो. धीमान मरीजों को उपचार अवधि तक पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाएंगे। यह कदम सेवा, संवेदनशीलता और समाज के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का परिचायक भी है। टीबी नोडल अधिकारी डॉ. संदीप अग्रवाल ने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय का यह प्रयास टीबी उन्मूलन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकता है, जो अन्य संस्थानों को भी प्रेरणा देगा। विश्वविद्यालय की टीमें डॉ. सौरभ कौशल और डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कार्य करते हुए सराहनीय सेवाएं दे रही हैं। जहां टीबी के ज्यादा मामले मिलने की आशंका है, वहां स्पेशल मेडिकल मोबाइल वैन भेजी जा रही हैं और संदिग्ध मरीजों की तुरंत जांच की जा रही है। साथ ही, जो मरीज ठीक हो चुके हैं, उनके संपर्क में आए लोगों की भी स्क्रीनिंग की जा रही है। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि लगातार 15 दिन से खांसी, हल्का बुखार, वजन कम होना और भूख में कमी जैसे लक्षण टीबी के संकेत हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### डीआईपीआरओ कार्यालय में विदाई समारोह हुआ

**अंबाला।** सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग में कार्यरत मेंबर भजन पार्टी कर्मजीत सिंह की सेवानिवृति के उपलक्ष्य में डीआईपीआरओ कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीआईपीआरओ धर्मेंद्र शर्मा सहित अधिकारियों, कर्मचारियों ने भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्हें स्मृति चिह्न भेंट करते हुए विदाई दी।डीआईपीआरओ ने कहा कि कर्मजीत सिंह का लगभग 31 साल 9 महीने का कार्यकाल बहुत सरहानीय रहा।

### मादक पदार्थ तस्करी के मामले में महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की डेहा कॉलोनी के पास से मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। पुलिस ने रामनगर के पास नाकाबंदी कर महिला को काबू किया। तलाशी लेने पर 15 ग्राम 94 मिलिग्राम हेरोइन बरामद की गई।

### सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश कंचन माही के दिशा निर्देशानुसार में चलाए जा रहे सडक़ सुरक्षा जीवन रक्षा 'रोड रूल्स लाइफ टूल्स' अभियान के तहत हर्बल पार्क में सडक़ सुरक्षा नियमों को लेकर रैली का आयोजन कर जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, प्रेमनगर में प्रदर्शनी लगाकर भी लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जागरूक किया गया।

### एपीटी एप्लिकेशन होगी लांच

**अंबाला।** प्रवर अधीक्षक डाकघर विजय कुमार ने बताया कि डाक विभाग द्वारा अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन के लांच की घोषणा पर गर्व हो रहा है। डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारी यात्रा में एक बड़ा कदम है।

# नगर परिषद ने सब्जी मंडी के पास से हटाए अवैध कब्जे



## कार्रवाई की वजह से भागते नजर आए रेहड़ी फड़ी वाले, शिकायत के आधार पर होगी कार्रवाई

हरभूमि न्यूज. अंबाला

■ अंबाला छावनी में कई जगह कब्जे हटाए गए

नगर परिषद की ओर से बुधवार को अंबाला छावनी में कई जगह कब्जे हटाए गए। दरअसल दोपहर को नगर परिषद की टीम अंबाला छावनी बस स्टैंड के पास सब्जी मंडी के बाहर अतिक्रमण हटाने पहुंची । यहां कार्रवाई शुरू होते ही रेहड़ी फड़ी वालों में भगदड़ मच गई। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदार और रेहड़ी वाले अधिकारियों से समय की मोहलत मांगते रहे।नगर परिषद के सचिव राजेश कुमार का कहना है कि इस रोड पर रोजाना जाम की स्थिति बन जाया करती थी। इस रोड पर रोजाना रेहड़ी फड़ी वाले रोड को घेर लेते थे। बस स्टैंड भी करीब होने के चलते यात्रियों और अन्य लोगों को दिक्कतें होतीं थीं। इसी वजह से यहां से अतिक्रमण हटाया गया है। कार्रवाई के बाद लोगों ने कहा कि परिषद की टीम ने थोड़ा भी टाइम कब्जे को हटाने के लिए नहीं दिया है। इससे उनका नुकसान हुआ है। लोगों ने कहा कि हम रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं। नगर परिषद की टीम ने हमारी रोटी छीन ली है। कार्रवाई के बाद कुछ ठेले वाले मौके से अपना सामान लेकर भागने पर मजबूर हुए।

# छात्राएं देंगी शानदार प्रस्तुतियां स्वतंत्रता दिवस की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज. नारायणगढ़

उपमंडल स्तर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर बुधवार को एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। उन्होंने कहा कि समारोह से पूर्व शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक सप्ताह तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सचिव नगरपालिका व ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीपीओ अपने-अपने ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के सहयोग से यह अभियान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने समारोह में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा सांझा करते हुए बताया कि इसमें पुलिस बल के साथ-साथ विभिन्न स्कूलों की एनसीसी टुकड़ियां मार्च पास्ट में भाग लेंगी। विद्यालयों के छात्र-छात्राएं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।एसडीएम ने अधिकारियों की ड्यूटी तय करते हुए सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे समय पर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

## सोहाना के सामुदायिक भवन में रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# ग्रामीणों की समस्याओं का जल्द निदान करने का आश्वासन दिया

*ठहराव के दौरान ग्रामीणों ने प्रमुखता से समस्याओं का किया जिक्र, कई ग्रामीणों ने व्यक्तिगत समस्याएं भी अधिकारियों के सामने रखी*

हरिभूमि न्यूज. बराड़ा

उपायुक्त अजय सिंह तोमर के निर्देशानुसार मंगलवार को गांव सोहाना के सामुदायिक भवन में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद् के सीईओ गगनदीप सिंह व नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोहाना के साथ-साथ आस पास के गांव के लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान का प्रयास किया। मौके पर बीडीपीओ सुशील मंगला, डीएसपी सुरेश कुमार मौजूद रहे। यहां पहुंचने पर गांव की सरपंच रेखा देवी व उनके पति नीरज चौहान के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। सीईओ ने इस मौके पर बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रत्येक माह रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि लोगों के घर-द्वार पर आकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निपटान किया जाए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम




बराड़ा। रात्रि ठहराव में समस्याएं सुनते सीईओ गगनदीप सिंह।

के दौरान विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहते हैं। उन्हें मौके पर ही शिकायत मार्क करते हुए उसका निपटान करने बारे निर्देश दिए जाते हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान सीईओ तथा नगराधीश ने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने विभागों द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की हुई है उस बारे जानकारी हासिल करते हुए कहा कि जो भी ग्रामीण यहां पर आ रहा है उसे इन योजनाओं के बारे अवगत करवाएं । रात्रि ठहराव में गांव के संदीप कुमार ने गली निर्माण , जगबीर सिंह ने साफ सफाई को लेकर, भंगी राम व जगदीप सिंह ने पानी की निकासी , जयमल सिंह ने पीने के पानी की समस्या, बलदेव सिंह ने अपनी पेंशन संबंधी , सुभाष ने पानी की निकासी, नरेंद्र ने पीने के पानी को लेकर, शोभा ने मकान बनवाने बारे, खेमराज ने पक्का रास्ता बनवाने, मनोज कुमार ने पुलिस विभाग, रजौली रोड पर बने डेरो का रास्ता पक्का करवाने, रमेश कुमार मुलाना ने मकान का मुआवजा को लेकर दलबीर कौर ने दिव्यांग पेंशन हेतू मेडिकल करवाने , सुभाष चंद्र ने डेरों में पानी पीने की समस्या व बिजली ट्रांसफार्मर लगवाने , बलजीत सिंह ने घर की छत के ऊपर से बिजली की तार हटाने , रेखा व सीमा वारिका ने नाला बनवाने , कृष्णा देवी ने घर की छत को पक्का करवाने व राशन कार्ड की समस्या अधिकारियों के सामने रखी। सभी समस्याओं के जल्द निदान का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। नायब तहसीलदार गीता राम, एक्सईएन पब्लिक हेल्थ हरभजन सिंह, पंचायती राज से एक्सईएन साहिल शर्मा व जेई ललित कौशिक, डीएम रोडवेज विपुल, पशुपालन विभाग से डॉ. अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# अलंकरण समारोह में नवनिर्वाचित मंत्रिमंडल के साथ पदाधिकारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



नवनिर्वाचित विद्यालय मंत्रीमंडल के पदाधिकारियों के साथ प्राचार्य व अन्य।

अंबाला छावनी स्थित केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 में बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें नवनिर्वाचित विद्यालय मंत्रिमंडल व पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य अमन गुप्ता , संजय कुमार, सुनीता बाला ने छात्रों को बैज और सैश पहनाकर सम्मानित किया।विद्यालय परिषद एवं अनुशासन समिति में विद्यालय नायक धीरेन बारहवीं 'ब', विद्यालय नायिका इशिता बारहवीं 'अ', विद्यालय खेल नायक शौर्य बारहवीं 'ब' ,विद्यालय खेल नायिका पारुल बारहवीं 'अ', अनुशासन नायक मुकुल ,कृश बारहवीं 'अ', अनुशासन नायिका अनवी बारहवीं 'अ',दीक्षा बारहवीं 'ब', व चारों सदनों शिवाजी, टेगौर, अशोका, रमन के नायक व नायिकाओं और सभी कक्षाओं के मॉनिटर व सह- मॉनिटर को सम्मानित किया गया । आयोजनों का उद्देश्य छात्रों को उनके प्रयासों और उपलब्धियों के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करना है। इस अवसर पर पाठ्य सहगामी गतिविधि प्रभारी सीमा कुमारी , हरजीत, सिद्धार्थ, लवनीश तथा समस्त सदस्य मौजूद रहे ।

# पात्रता परीक्षा लेवल-3 के तहत 2927 ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-3 के तहत बुधवार को अंबाला शहर व अंबाला छावनी के 12 केंद्रों पर लिखित परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा को नकलरहित एवं पारदर्शी तरीके से करवाने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए थे। परीक्षा में 3709 में से 2927 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे । परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित की गई। बता दें कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा-निर्देशानुसार सीईओ जिला परिषद ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सेंटर अधीक्षकों की बैठक लेकर हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 30 व 31 जुलाई को हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को नकलरहित व पारदर्शी तरीके से करवाने बारे निर्देश दिए थे।

परीक्षा के तहत 31 जुलाई को लेवल- 2 के तहत प्रातः 10 से दोपहर 12.30 बजे तक परीक्षा आयोजित होगी तथा इस परीक्षा के लिए 20 सेंटर बनाए गए हैं जिनमें 6106 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे। इसी प्रकार इसी दिन यानि 31 जुलाई को लेवल-1 के तहत परीक्षा का आयोजन होगा तथा यह परीक्षा दोपहर बाद 3 बजे से 5.30 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 2304 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे।

# जलभराव बना सिरदर्द, ग्रामीणों ने जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



ढांड। ढांड में दूषित पानी को लेकर रोष जताते ग्रामीण। *फोटो :हरिभूमि*

ढांड कस्बे के ब्राह्मण मोहल्ले में जलभराव की समस्या से परेशान दर्जनों ग्रामीणों, विशेष रूप से महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ रोष प्रकट किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले 5-6 वर्षों से बरसात के दौरान सड़क पर 2 फीट तक पानी भर जाता है, जिससे स्कूली बच्चों, आंगनवाड़ी जाने वाले छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय निवासी रोशनलाल शर्मा,अमरजीत शर्मा, जिया लाल, सुरेश फौजी। मैडम लता देवी रीना देवी राजपति सुनीता देवी आदि ने बताया कि इस जलभराव के कारण क्षेत्र में मच्छर, मक्खियां और सांपों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे कई बीमारियां फैल रही हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क के समीप तीन बिजली के ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, जिनमें पानी भर जाने के कारण करंट आ जाता है। इसकी चपेट में आकर कई मवेशी अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद न तो प्रशासन ने कोई समाधान किया और न ही पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिया गया। इस संबंध में ग्रामीणों ने सरपंच और स्थानीय विधायक सतपाल जांबा से भी कई बार गुहार लगाई। उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो वे सड़क पर उतरकर जाम लगाने को मजबूर होंगे।

# जनता का विकास करने की बजाय विनाश करने पर तुली सरकार: जैन

■ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने सरकार द्वारा बढ़ाए जा रहे नए कलेक्टर रेटों को लेकर किया हमला, कहा महंगाई के दौर में गरीब परिवारों के लिए आशियाना बनाना हो जाएगा मुश्किल

हरिभूमि न्यूज. अंबाला



मीडिया से बातचीत करते कांग्रेसी नेता रोहित जैन व अन्य।

राज्य सरकार एक बार फिर प्रदेश में नए कलेक्टर रेट बढ़ाने जा रही है। ऐसे में प्रॉपर्टी के 5 से 25 फीसदी तक महंगा होना तय है। 1 अगस्त से लागू होने वाले इन कलेक्टर रेटों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन ने राज्य सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई की मार झेल रही जनता की जेब पर अब नए कलेक्टर रेटों का बोझ पड़ना लाज़िम है। साथ ही प्रॉपर्टी कारोबार पर भी मंदी का असर आएगा। उन्होंने कहा कि नए रेट बढ़ने से रजिस्ट्री के दाम भी बढ़ने लाज़िम है। इसका असर उन लोगों पर पड़ेगा जिनकी प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री होने वाली है। जैन ने कहा कि नए कलेक्टर रेट लागू करने को लेकर सरकार की ओर से प्रदेश की सभी तहसीलों में नई रजिस्ट्री के लिए अपॉइंटमेंट को फ्रीज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1 अगस्त से कलेक्टर रेट की नई दरें लागू होते ही मकान, प्लॉट, कॉमर्शियल व कृषि योग्य जमीन की रजिस्ट्री महंगी हो जाएगी। रजिस्ट्री पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी भी महंगा होना तय है। जैन ने उदाहरण देते हुए बताया कि यदि किसी जमीन की रजिस्ट्री में 1 लाख रुपए स्टांप ड्यूटी लगती है और वहां 20% कलेक्टर रेट बढ़ गए तो ऐसे में स्टांप ड्यूटी 1 लाख की बजाय 1.20 लाख रुपए लगेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलिगेट एडवोकेट रोहित जैन ने कहा कि उन लोगों को भारी दिक्कत होने वाली हैं जिनकी जमीन की रजिस्ट्री अगले दो दिनों में होने वाली है। अप्वाइंटमेंट लेने के बावजूद अब इन लोगों की रजिस्ट्री नहीं हो पाएगी। क्योंकि नए कलेक्टर रेट लागू करने को लेकर सरकार ने तुरंत प्रभाव से अप्वाइंटमेंट पर रोक लगा दी है। जैन ने कहा कि राज्य सरकार महंगाई को काबू करने की बजाय जनता पर नए नए आर्थिक बोझ लाद रही है। कहा कि राज्य सरकार की ओर से पिछले साल भी जमीन के कलेक्टर रेट 12 से 32 प्रतिशत तक बढ़ाए गए थे। अब नए कलेक्टर लागू होने से जनता की जेब पर बड़ा आर्थिक बोझ पड़ेगा।। कहा कि सरकार का ध्यान जनता के विकास की बजाय विनाश की तरफ है। कहा कि जमीनी के बढ़ते दामों की वजह से अब गरीब परिवारों को अपना आशियाना बनाना एक सपने जैसा हो जाएगा। नए कलेक्टर लागू करने की बजाय जनता को महंगाई की मार से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए।



## तरणताल की गतिविधि करवाई

**नरवाना।** बुधवार को आदर्श बाल मंदिर उच्च विद्यालय नरवाना के प्रांगण में शिशु वाटिका की कक्षा अरुण से द्वितीय तक शैक्षिक व्यवस्था तरणताल की गतिविधि करवाई गई। इसके बारे में एक दिन पहले ही बच्चों को बता दिया गया था अतः बच्चे काफी उत्साहित थे और सभी बच्चे उपस्थित रहे।कक्षा अनुसार बच्चों को तरणताल के लिए ले जाया गया। संगीत के साथ बच्चों ने तरणताल में नहाने का आनंद लिया वह झूलों पर मस्ती की। इस गतिविधि में शिशु वाटिका की सभी आचार्या बहनों ने भी सहभागिता की। प्रधानाचार्य जोगिंदर ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधि करने से बच्चे के आनंदमय कोष का विकास होता है। सभी आचार्य बहनों ने भी बच्चों का संरक्षण किया। बच्चों को पानी के महत्व के बारे में बताया की पानी हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है और नहाते समय हमें क्या.क्या सावधानियां बरतनी चाहिए।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## छात्राओं को लाइफ स्किल, बढ़ती उम्र के साथ भटकाव को लेकर किया जागरूक

# बच्चों के साथ समय बिताकर जानें मन की बात: नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



छात्राओं को लाइफ स्किल्स की जानकारी देते हुए परमार्शदाता नीरज।

माता चन्नन देवी आर्य कन्या गुरूकुल पिल्लूखड़ा में अध्ययनरत किशोरियों एवं उनके शिक्षकों के लिए लाइफ स्किल, बढ़ती उम्र के साथ भटकाव व अन्य सामाजिक विषयों को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की अध्यक्षता प्रधानाचार्या ज्योति छिब्बर ने की जबकि परामर्शदाता नीरज कुमार ने विशेषकर किशोरावस्था में मनोवैज्ञानिक परामर्श सेवाओं एवं अभिभावकों की सकारात्मक भूमिका के महत्व को लेकर जागरूक किया। सेमिनार को संबोधित करते परामर्शदाता नीरज कुमार ने छात्राओं से जीवन कौशल को लेकर कई सवाल किए और उन्हें बताया कि जीवन कौशल वे क्षमताएं हैं, जो व्यक्तियों को दैनिक जीवन की चुनौतियों का सामना करने, स्वस्थ संबंध बनाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा आगे चल कर कामयाब बने लेकिन सफलता के लिए सिर्फ स्कूल की पढ़ाई काफी नही होती। बच्चों को छोटी उम्र से ही कुछ ऐसी बातें सिखानी चाहिए जो उन्हें जिंदगी में आगे बढऩे में मदद करें। अभिभावक बच्चों को स्वयं से समस्या का हल करना सिखाएं ताकि बच्चे में हर परिस्थिति से निपटने के लिए आत्मविश्वास हो। इससे बच्चे की सोचने की क्षमता बढ़ती है। वहीं बच्चे कभी-कभी गुस्से में चिल्लाने लगते हैं या उदास होकर रोने लगते हैं। ऐसे में अभिभावक उन्हें समझाएं कि ये फीलिंग्स नॉर्मल हैं लेकिन इन्हें कैसे संभालना है, ये जानना जरूरी है। बच्चों को सिखाएं कि सामने वाले की बात ध्यान से सुनें और अपनी बात आराम से और साफ तरीके से कहें। अगर कोई बात समझ नही आ रही तो बिना डर के पूछें। इन छोटी-छोटी टिप्स से बच्चों में आत्मविश्वास आता है। प्रधानाचार्य ज्योति छिब्बर ने कहा कि बच्चे को सिखाएं कि वह अपने छोटे-छोटे काम खुद करे। इससे वो जिम्मेदारी लेना सीखता है और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनता है। अगर हम चाहते हैं कि आपका बच्चा सिर्फ अच्छे नंबर ही न लाए बल्कि जिंदगी में भी मजबूत बने तो उसे पढ़ाई के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। क्योंकि छोटी उम्र में जो सीखा जाता है, उसका असर पूरी जिंदगी रहता है।परामर्शदाता नीरज ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ भटकाव (भ्रम, कन्फयूजन) का अनुभव कई बार शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कारकों से जुड़ा हो सकता है। इसे समझने के लिए कई कारक हैं। जैसे उम्र बढऩे के साथ मस्तिष्क की कार्यक्षमता में कमी आ सकती है। किसी बात का तनाव और चिंता सामाजिक अलगाव, प्रियजनों की हानि या भविष्य की चिंता भटकाव को बढ़ा सकती है। वहीं अनिद्रा या अनियमित नींद मस्तिष्क की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकती है। सामाजिक और पर्यावरणीय कारण भी अहम होते हैं। ऐसे में हमें अपने आपको इस अवसाद से दूर करना है तो स्वस्थ जीवनशैली को जीना बहुत जरूरी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में मदद करती है। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताना, सामुदायिक गतिविधियों में भाग लेना भटकाव को कम कर सकता है। ध्यान और योग तनाव कम करने और मानसिक स्पष्टता बढ़ाने में मदद करते हैं।

## एक से सात अगस्त तक मनाया जाएगा विश्व स्तनपान सप्ताह : डॉ रेनू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सिविल सर्जन डॉ रेनू चावला ने कहा कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हर वर्ष एक अगस्त से सात अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस वर्ष इस अभियान का थीम स्तनपान में निवेश करें, भविष्य में निवेश करें रखा गया है। इसका उद्देश्य प्रत्येक मां को अपनी इच्छानुसार स्तनपान कराने के लिए आवश्यक सहायता और जानकारी उपलब्ध करवाना है। इसके अतिरिक्त स्तनपान के प्रति जागरूकता के लिए मदर एब्सोल्यूट फंक्शन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। जिसमें जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान की शुरुआत, छहः माह तक केवल स्तनपान तथा छहः माह के बाद पूरक आहार के साथ-साथ दो वर्ष तक स्तनपान के बिंदु शामिल है।